



# रीगल टॉकीज हुआ बंद, विकास की पिक्चर हुई चालू

- पुराने किरायेदारों को मिलेगी प्राथमिकता
- सिनेमाघर की जगह बनेगा भव्य कॉम्प्लेक्स
- गोपाल मंदिर क्षेत्र आधुनिक स्वरूप में होगा तब्दील
- तोड़ने का नोटिस दिया, तो जोड़ने का पत्र भी किया जारी

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. सिंधिया रियासत की पहचान लुप्त ना हो इसके लिए रीगल टॉकीज संचालक ने उक्त भवन को ज्यों का त्यो रखा, वर्षों तक चला ये टॉकीज अब बंद हो चुका है और यहां पर नया कॉम्प्लेक्स आकार लेने वाला है, 40 साल पहले जिन किरायेदारों को रीगल टाकीज के नीचे दुकानें दी गई थीं, उन्हें प्राथमिकता के साथ नए कॉम्प्लेक्स में दुकानें दी जाएगी. रीगल टॉकीज की 36000 स्क्वायर फीट की जमीन पर लगभग 40 दुकान सहित कॉम्प्लेक्स बनेगा.**

इस बाबत एक पत्र भी दुकानदारों को जारी कर दिया है. उसके बाद किरायेदारों ने दुकान खाली करना शुरू कर दी है. महाकाल की नगरी उज्जैन में अब विकास की नई गाथा लिखी जा रही है.

## टॉकीज की जगह बनेगा आधुनिक कॉम्प्लेक्स

गोपाल मंदिर के सामने स्थित रीगल टॉकीज को तोड़े जाने के बाद नगर निगम द्वारा लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा. यह क्षेत्र न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि शहर के पुराने व्यापारिक केंद्रों में भी शुमार रहा है.

## एमआईसी सदस्य से नवभारत की चर्चा

नवभारत से चर्चा में एमआईसी सदस्य एवं पार्षद रजत मेहता ने बताया कि पूरे कार्य की प्रक्रिया नियम और पारदर्शिता के साथ होगी. उन्होंने कहा कि किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया जाएगा. किरायेदारों को व्यापार-व्यवसाय में किसी तरह की कठिनाई न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा.

## तोड़ने का ही नहीं, जोड़ने का भी दिया पत्र

पार्षद श्री मेहता ने बताया कि रीगल टॉकीज तोड़ने एवं दुकानदारों को दुकान खाली करने के लिए लिए नोटिस दिया गया है, तो जोड़ने के लिए भी पत्र जारी किया गया है, ताकि पुराने व्यापारियों को नए स्वरूप में अपनी दुकानें मिल सकें.

### मुख्यमंत्री ने किया था भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है. मुख्यमंत्री ने ही रीगल टॉकीज परिसर पर नए भवन के भूमि पूजन का कार्य किया था. वर्तमान में डिस्मेंटलिंग का कार्य प्रारंभ हो चुका है और टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है. इसके बाद आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह नया व्यापारिक कॉम्प्लेक्स आकार लेगा.

### सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों का क्षेत्र

गोपाल मंदिर, छत्री चौक, सर्राफा, पटनी बाजार और खारा कुआं जैसे क्षेत्र धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र रहे हैं. यहां पर महाकाल की सवारी, हरिहर मिलन और जन्माष्टमी जैसे भव्य आयोजन होते रहते हैं. ऐसे में नए कॉम्प्लेक्स के साथ इस पूरे क्षेत्र की आर्थिक और धार्मिक सक्रियता में और अधिक वृद्धि होगी.

### पारंपरिक व्यापार को प्राथमिकता

नए परिसर में श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा के लिए पार्किंग व्यवस्था भी की जाएगी. साथ ही यहां बनने वाली दुकानों में पूजन सामग्री, धार्मिक वस्तुएं और पारंपरिक व्यापार को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे स्थानीय लोगों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को खरीदारी में सुविधा मिले. नगर निगम की यह पहल न केवल पुराने व्यापारियों को नया जीवन देगी, बल्कि गोपाल मंदिर क्षेत्र को भी आधुनिकता और परंपरा का सुंदर संगम बनाएगी.

## इंदौर जोन-1 के एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा का उज्जैन तबादला



नव भारत न्यूज

इंदौर. पुलिस विभाग में फेरबदल के तहत इंदौर जोन-1 के एडिशनल डीसीपी आलोक कुमार शर्मा का तबादला उज्जैन कर दिया गया है. वे अब उज्जैन में एडिशनल एसपी के पद पर कार्यभार संभालेंगे. वहीं, उज्जैन में अब तक एडिशनल एसपी के रूप में पदस्थ नितेश भार्गव को भोपाल पुलिस मुख्यालय भेजा गया है. दोनों अधिकारियों के तबादले के आदेश सोमवार को जारी हुए. बताया जा रहा है कि यह बदलाव प्रशासनिक दृष्टि से किया गया है.

# अनवर कादरी की पार्षदी समाप्त, पांच वर्ष तक चुनाव लड़ने पर रोक भी

- देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने वालों को कड़ा संदेश : महापौर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. संभाग आयुक्त ने कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को पार्षद पद से हटाने करने का आदेश जारी किया है. साथ ही कादरी को अगले पांच साल तक चुनाव लड़ने पर अयोग्य घोषित किया है.**




लव जिहाद के मामले में फंसे कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को आज संभागायुक्त डॉ. सुदामा खाड़े ने पद से हटाने यानी पार्षदी समाप्त करने के आदेश जारी कर दिए है. साथ ही डॉ. खाड़े ने कादरी पर पांच साल तक किसी तरह का चुनाव लड़ने पर भी रोक लगा दी है. शासन के निर्णय का स्वागत करते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि पार्षद कादरी डेढ़ विरोधी गतिविधियों और नगर निगम की छवि धूमिल करने में लगे हुए थे. उक्त घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए नगर निगम पार्षदों ने सभापति के समक्ष दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित कर मामला संभागीय आयुक्त को भेजा था. शिकायतों और दस्तावेजों के अध्ययन के बाद आयुक्त ने नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए यह निर्णय लिया. महापौर भार्गव ने उक्त फैसले पर मध्य प्रदेश शासन और संभाग आयुक्त का आभार व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि यह निर्णय उन लोगों के लिए कड़ा संदेश है जो जनप्रतिनिधि रहते हुए देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाते हैं.

# युवती को धर्म परिवर्तन के लिए दी यातनाएं, सिगरेट से दागा

- कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर किया रेप
- हिंदू संगठन के लोगों ने आरोपी को पुलिस के हवाले किया

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक ने युवती के साथ न सिर्फ दुष्कर्म किया, बल्कि उसे धर्म परिवर्तन के लिए प्रताड़ित भी किया. युवती के विरोध करने पर आरोपी उसे सिगरेट से जलाता था, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.**



राजस्थान निवासी युवती ने विजय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है, उसने पुलिस को बताया कि वह करीब दो वर्ष पहले एविएशन कोर्स करने के लिए इंदौर आई थी. पार्ट टाइम नौकरी की तलाश के दौरान उसकी मुलाकात हैप्पी पंजाबी नाम से खुद को पहचानने वाले युवक से हुई. उसने नौकरी के बहाने युवती को एक होटल में बुलाया और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया. बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया. बाद में पता चला कि हैप्पी का असली नाम इरफान अली है. युवती का कहना है कि इसके बाद वह उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगा. विरोध करने पर मारपीट करता और सिगरेट से दागता था.

युवती के मुताबिक, उसे देवास में एक फ्लैट पर बंधक बनाकर रखा, जहां उसके साथ बार-बार दुष्कर्म किया. युवती गर्भवती हो गई तो आरोपी ने जबरन गोलियां खिलाकर गर्भपात करा दिया. पीड़िता कुछ समय के लिए राजस्थान लौट गई थी, लेकिन इंदौर लौटने पर आरोपी ने फिर से उसे परेशान करना शुरू कर दिया. मंगलवार को हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोपी को पकड़कर विजय नगर पुलिस के हवाले किया. मामले में थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल का कहना है कि आरोपी के मोबाइल से कई वीडियो और फोटो मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

# विदिशा की दर्दनाक तस्वीर पर बहस

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 10 नवंबर. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि विदिशा जिले से सामने आई एक दर्दनाक तस्वीर, जिसमें एक मासूम बच्ची सड़कों पर लगे कचरे के ढेर में खाने के लिए कुछ तलाशती दिखाई दे रही है, ने पूरे देश में शासन और सामाजिक कल्याण की स्थिति को लेकर गंभीर बहस छेड़ दी है.**



उन्होंने कहा कि यह तस्वीर सिर्फ एक बच्ची की मजबूरी नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनहीनता और व्यवस्था की गहरी विफलता का प्रतीक बन चुकी है. यह मुद्दा तब और गंभीर हो गया जब लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाल ही में उस घटना का उल्लेख किया, जिसमें स्कूल के बच्चों को दोपहर के भोजन के दौरान कागज़ की शीट पर खाना परोसा गया. इसने सरकार की बच्चों के पोषण और कल्याणकारी योजनाओं के प्रति प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश कुपोषण, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, महिलाओं पर अपराध और महिलाओं के लापता होने जैसे कई सामाजिक मानकों पर देश के सबसे कमजोर राज्यों में बना हुआ है. उनके अनुसार, ये आंकड़े सिर्फ सरकारी रिकॉर्ड नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के दैनिक संघर्ष की सच्चाई को दर्शाते हैं.

> उन्होंने आगे कहा कि इन गंभीर चुनौतियों के बावजूद मुख्यमंत्री राज्य से बाहर राजनीतिक मंचों पर भाषण देने में अधिक व्यस्त दिखाई देते हैं, जबकि राज्य के बुनियादी विकास संबंधी मुद्दे उपेक्षित बने हुए हैं. उन्होंने बताया कि लाड़ली बहना जैसी योजनाओं की घोषणाएँ तो जोर-शोर से की गईं, लेकिन वादा किए गए 3000 प्रतिमाह की सहायता अभी तक पूरी तरह लागू नहीं हो पाई है. इस बीच राज्य का बढ़ता राजकोषीय घाटा भी आवश्यक सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन पर असर डाल रहा है. विपक्ष का आरोप है कि कई योजनाएँ ज़मीन पर कम और विज्ञापनों में ज्यादा दिखाई देती हैं.

# लोकायुक्त की कलेक्टोरेट में दबिश

## सहायक पेंशन अधिकारी को दस हजार की रिश्वत लेते दबोचा

**जबलपुर, 10 नवम्बर. कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर जबलपुर में लोकायुक्त ने दबिश देते हुए संभागीय पेंशन कार्यालय में पदस्थ सहायक पेंशन अधिकारी सचिन कुमार झा पिता स्वर्गीय भावेश झा 42 वर्ष को 10000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है.**



जानकारी के मुताबिक किशोर कुमार झारिया पिता स्वर्गीय गोपीचंद झरिया 68 वर्ष, निवासी तिलहरी ने जबलपुर लोकायुक्त में शिकायत करते हुए बताया कि वह सेवानिवृत्त लैब टेक्नीशियन है. पहली पत्नी की मौत के पश्चात दूसरी पत्नी का नाम पारिवारिक पेंशन में नॉमिनी में जुड़वाने संभागीय पेंशन कार्यालय में सहायक पेंशन अधिकारी सचिन झा से मिला. आरोपी ने काम करने एवज में 10000 की मांग की थी. जिसकी शिकायत लोकायुक्त कार्यालय में पुलिस अधीक्षक के समक्ष की थी. शिकायत सत्यापन उपरांत आज आरोपी को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर जबलपुर में 10000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया. आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है.

# विचारधारा का जीवंत स्वरूप है कांग्रेस

विशेष संवाददाता

**पचमढ़ी, 10 नवंबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के नौवें दिन की शुरुआत राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण वंदे मातरम् के सामूहिक गायन और झंडा वंदन के साथ हुई. शिविर में अनुशासन, उत्साह और एकजुटता का वातावरण स्पष्ट रूप से अनुभव किया गया.**



सत्र की शुरुआत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह कोषाध्यक्ष विजय सिंगला के प्रेरक उद्बोधन से हुई. उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संगठन केवल पदों का ढांचा भर नहीं है, बल्कि यह देश के हर कोने में पार्टी की विचारधारा और मूल्यों का जीवंत स्वरूप है.

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपनी भूमिका को समझते हुए जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करें.

इसके पश्चात एआईसीसी सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन ने सामाजिक संगठनों के साथ सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा कि जितना व्यापक संवाद और जुड़ाव होगा, कांग्रेस का जनाधार उतना ही गहरा और प्रभावी बनेगा. मुख्य मार्गदर्शन सत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संगठन की रूपरेखा, कार्यक्रम विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की. उन्होंने कहा-जिला अध्यक्षों के अधिकारों की रक्षा करना मेरी जिम्मेदारी है.

# भोपाल समेत कई जिलों में ठंड ने दी दस्तक

- पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदला मध्यप्रदेश का मौसम
- भोपाल सहित कई जिलों में रात और सुबह के तापमान में गिरावट

**भोपाल, 10 नवंबर. उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ ने अब मध्यप्रदेश के मौसम को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है. राजधानी भोपाल सहित राज्य के कई हिस्सों में रात और सुबह के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में प्रदेश के अधिकांश जिलों में ठंडी हवाओं का प्रभाव और बढ़ेगा तथा कुछ इलाकों में हल्के बादल और कोहरे की संभावना भी बनी रहेगी.**



मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि एक ऊपरी वायु चक्रवातीय परिसंचरण वर्तमान में उत्तरी हरियाणा में समुद्र तल से लगभग 3.1 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है. इसके साथ ही, मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक ट्रफ 33ए उत्तर अक्षांश और 82ए पूर्व देशांतर के साथ 5.8 किमी की ऊंचाई तक विस्तृत है, जो पूर्व-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा है. यह प्रणाली फिलहाल उत्तर भारत से होते हुए मध्यप्रदेश के उत्तरी और पश्चिमी भागों को प्रभावित कर रही है.

> इस प्रभाव से प्रदेश के भोपाल, राजगढ़, इंदौर, सिहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, देवास, शाजापुर, रीवा, मऊगंज, शहडोल, छिंदवाड़ा, मंडला, मैहर और बालाघाट जिलों में 11 से 12 नवंबर के बीच हल्के बादल और ठंडी हवाओं के साथ तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी. वहीं, 12 से 13 नवंबर के बीच मौसम में और अधिक ठंडक बढ़ने की संभावना जताई गई है.

# सूरवीरों के शौर्य से भरा है इतिहास

## अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कार्यशाला में सीएम डॉ. मोहन यादव बोले

भोपाल, 10 नवम्बर. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और राष्ट्रीय संगठक वी सतीश ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में जनजातीय संकुल विकास परियोजना पर आधारित अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कार्यशाला का शुभारंभ किया. कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, सावित्री ठाकुर, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, सांसद समीर उरांव एवं सुमेर सिंह सोलंकी सहित कई नेताओं ने संबोधित किया.



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को पूरे प्रदेशभर में मनाई जाएगी. जनजातीय समाज ने अंग्रेजों के खिलाफ सबसे पहले आंदोलन शुरू किया था. हमारा इतिहास वीर महापुरुषों और जनजातीय सूरवीरों के शौर्य से भरा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत को सम्मानित कर रही है.


**Chola** Enter a better life

## चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय: चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी54 और सी55, 4, थिरु वी का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिण्डी, चेन्नई-600032 टी.एन.

### अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के अनुसार। (नियम 8-9)

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को, विशेष रूप से ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता (बंधकों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास गिरवी रखी गई हैं, जिनका कब्जा चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें आगे चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड कहा जाएगा। सुरक्षित संपत्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से "जहाँ है, जैसा है," "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम https://bankauctions.in/ वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोज़ित करने जा रहे हैं।

| ऋणी, सह-ऋणी, बंधककर्ता का खाता संख्या और नाम | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण (सुरक्षित संपत्ति) | आरक्षित मूल्य/ईएमडी /बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता संख्या TL01BPL0000064208<br>1. मेसर्स पूनमचंद फकीरचंद एंड कंपनी, (ऋणी), दुकान संख्या 204, नई सब्जी मंडी, चोइथराम, इंदौर 452 001।<br>2. श्री विक्रम उर्गिरिये, (सह-ऋणी)<br>3. श्रीमती विनीता उर्गिरिये, (सह-ऋणी)<br>नंबर 2 और 3, नंबर 84/2, नंदलालपुरा, इंदौर-452 007 पर निवास करते हैं। | रु. 59,77,201/- 03.11.2025 को | प्लॉट/मकान संख्या 34, पीस पॉइंट कॉलोनी, ग्राम लिम्बोदी, तहसील और जिला इंदौर में स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट (55.76 वर्ग मीटर) है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर: प्लॉट संख्या 33, दक्षिण: प्लॉट संख्या 35, पूर्व: प्लॉट संख्या 14, पश्चिम: रोड। | ₹49,93,000/-<br>₹4,99,300/-<br>₹1,00,000/- |

ई-नीलामी तिथि और समय: 23.12.2025 - सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक (असीमित विस्तार के साथ) (प्रत्येक 3 मिनट का)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 22.12.2025, संपत्ति निरीक्षण की तिथि: नियुक्ति के अनुसार

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com देखें। ई-नीलामी संबंधी सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के विवरण के लिए, संभावित बोलीदाता मेसर्स 4 क्लोजर (संपर्क व्यक्ति: श्री नितेश पवार, फोन नंबर: 8142000725, ईमेल: nithesh@bankauctions.in) से संपर्क कर सकते हैं।
2. नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें:-https://bankauctions.in/ और https://cholamandalam.com/news/auction-notices ई-नीलामी में भाग लेने के लिए या श्री आशीष कुमार पांडा से फोन: 9819538003/श्री रवि संतोष-फोन: 9826682254/ श्री अमित शर्मा - फोन: 7566766000. से संपर्क करें।

यह नियम 8(6) नियम 8 और 9 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत 30 दिनों का वैधानिक विक्रय नोटिस भी है।


दिनांक: 11.11.2025
स्थान: चेन्नई

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।


आरोप-प्रत्यारोप | जल्द ही हार का शतक पूरा करेंगे राहुल गांधी : डॉ. नरोत्तम मिश्रा

# अपनी नाकामी छिपाने के लिए राहुल गांधी फैला रहे हैं भ्रम

**भोपाल, 10 नवंबर. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अपनी नेतृत्व विफलता छिपाने के लिए लगातार भ्रम फैला रहे हैं. पहले उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए, और अब वोट चोरी का राग अलापकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं.**



एक बयान जारी करते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी अब तक कांग्रेस को 70 से अधिक चुनावों में हार दिला चुके हैं. जल्द ही वह हार का शतक भी पूरा कर लेंगे. यही कारण है कि पूरे बिहार चुनाव अभियान में उन्होंने न तो किसी प्रत्याशी को जिताने की अपील की और न ही भविष्य का कोई स्पष्ट विजन बताया. उन्होंने केवल वोट चोरी का आरोप दोहराकर अपनी असफलता का ठीकरा दूसरों पर फोड़ा.

भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस और उसका गठबंधन बिहार चुनाव में हार की ओर बढ़ रहा है. राहुल गांधी को पहले से इसका अंदाज़ा है, इसलिए वे पहले से ही वोट चोरी का बहाना तैयार कर रहे हैं. मिश्रा ने तंज कसते हुए कहा कि जब बिहार चुनाव अपने चरम पर था, तब राहुल गांधी पचमढ़ी में सफारी का आनंद ले रहे थे. डॉ. मिश्रा ने याद दिलाया कि राहुल गांधी 2004 से राजनीति में सक्रिय हैं, 2013 में कांग्रेस के उपाध्यक्ष और 2017 में राष्ट्रीय अध्यक्ष बने. लेकिन उनके नेतृत्व में कांग्रेस लगातार कमजोर हुई है. 2024 तक पार्टी लोकसभा और अधिकांश राज्यों के विधानसभा चुनावों सहित 70 से अधिक बार हार चुकी है.

> उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस का दायरा सिमटकर कुछ राज्यों – कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना तक रह गया है. कांग्रेस के भीतर भी यह चर्चा है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में संगठनात्मक ऊर्जा घटती गई है और जनता से संवाद सीमित हो गया है. डॉ. मिश्रा ने कहा कि यदि कांग्रेस आने वाले चुनावों में नई रणनीति नहीं बनाती, तो 2029 का लोकसभा चुनाव उसके अस्तित्व की सबसे बड़ी परीक्षा साबित होगा.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**